[19] No. of printed pages : 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B.A. (I Semester) Examination**
**2014**
**Thursday, 13th November**
**2.30 pm - 5.30 pm**
**UA01FHIN01 - Foundation Elective: Hindi Part I**

**कुल गुण : ७०**

प्र.१ सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (**किन्हीं तीन**) (१५)

अ) वह मेरी ओर से है । सब चीजें है, दीदी । शीतलपाही चीक और एक जोडी आसनी कुश की ।

ब) मर्द से लडने से पहले समाज से लडना है । जब तक समाज पर विजय नहीं मिलती तब तक धर्म का खंडन नहीं हो सकता ।

क) मैं समझता हूँ कि कई बार इन्सान चुप रहकर ज्यादा बात कर सकता है । जबान से कही बात में वह रस नहीं होता, जो आँखो की चमक से या होंठों के कम्पन से या माथे की एक लकीर से कही गयी बात में होता है ।

ड) वहाँ आदमी जितने ज्यादा को मारता है उतना ही अपने को कामयाब समझता हैं । और लोग इसके लिए इनाम और प्रतिष्ठा देते हैं ।

इ) श्रद्धा तो ज्ञानियों और साधुओं ही के अधिकार की वस्तु है । अगर में ब्राह्मण होता, तो एक ही बात थी । हालाँ कि एक सिविलियन का किसी ब्राह्मण के पैरों में सिर रखना भी अति चिन्तनीय है ।

प्र.२ 'प्रेरणा' कहानी का कथानक बताते हुए उद्देश्य पर प्रकाश डालिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए :

१) 'ठेस' कहानी में सिरचन ।

२) 'मर्द' कहानी का उद्देश्य ।

प्र.३

अ) निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक तिहाई शब्दों में लिखिए और उचित शीर्षक दीजिए । (०५)

साहित्य का आधार जीवन है । इस नींव पर साहित्य की दीवार खडी होती है, उसकी अटारियाँ, मीनारों और गुम्बद बनते है, लेकिन बुनियाद मिट्टी के नीचे दबी पडी है ।

उसको देखने को जी नहीं चाहेगा । जीवन परमात्मा की सृष्टि है, इसलिए अनन्त है, अबोध है, अगम्य है । साहित्य मनुष्य की सृष्टि है, इसलिए सुबोध है, सुगम है और मर्यादाओं से परिचित है । जीवन परमात्मा को अपने कार्यों का जवाब दें या न दें, हमें मालुम नहीं, लेकिन साहित्य तो मनुष्य के सामने जवाब देता है । इसके अपने कानून है, जिसमें वह इधर-उधर नहीं हो सकता । जीवन का उद्देश्य ही आनंद है । मनुष्य जीवन-पर्यन्त आनंद की ही खोज में पडा रहता है । किसी को वह रत्न-द्रव्य में मिलता है, किसी को भरे-पूरे परिवार में, किसी को लम्बे-चौडे भवन में, तो किसी को ऐश्वर्य में । लेकिन साहित्य का आनंद उससे उँचा है, इससे पवित्र है, उसका आधार सुन्दर और सत्य है । वास्तव में सच्चा आनंद सुन्दर और सत्य से मिलता है ।

आ) पर्यायवाची शब्द लिखिए (**किन्हीं पाँच**) (०५)

१) कपडा २) अघर ३) ठग ४) खून
५) जल ६) चतुर ७) आभूषण

इ) विलोमार्थी शब्द लिखिए । (**किन्हीं दस**) (०५)

१) आधुनिक २) अनाथ ३) दुःख ४) कायर ५) आजादी
६) सौभाग्य ७) आदि ८) खेत ९) राजा १०) देव
११) संतोष १२) गुण १३) ऐडी १४) कटु

ई) अनेकार्थी शब्द लिखिए । (**किन्हीं पाँच**) (०५)

१) ईश्वर २) उत्तर ३) काम ४) नाक
५) गज ६) पानी ७) घात्री

प्र.४ किसी **एक विषय** पर निबंध लिखिए । (१५)

१) आतंकवाद : एक वैश्विक समस्या ।
२) विज्ञान वरदान या अभिषाप ।
३) भारत में परमाणु शक्ति का विकास ।
४) नारी और नोकरी ।

☺☺☺☺☺